21/1 Roll No. …………………..

# MAHL–205

## उत्तराखण्ड का लोक साहित्य

## M. A. Hindi (MAHL–12/16/17)

## Second Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देनें हैं।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'लोक' से क्या तात्पर्य है ? विभिन्न विद्वानों द्वारा दी गई लोक साहित्य की परिभाषाएँ लिखते हुए लोक साहित्य के स्वरूप और विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2. लोकगीत क्या हैं ? कुमाउनी लोकगीतों को वर्गीकृत करते हुए नृत्यात्मक लोकगीतों को उदाहरण सहित समझाइए।

3. लोकगाथाओं से आप क्या समझते हैं ? गढ़वाली लोकगाथाओं को वर्गीकृत करते हुए किन्हीं दो लोकगाथाओं के कथ्य पर प्रकाश डालिए।

4. 'लोकोक्ति' या 'कहावत' से क्या तात्पर्य है ? लोकोक्तियों की परम्परा पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रकारों को सोदाहरण समझाइए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. लोक साहित्य का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।
2. कुमाउनी संस्कार गीतों का परिचय दीजिए।
3. गढ़वाली लोकगीतों का वर्गीकरण करते हुए परिचय दीजिए।
4. गढ़वाली ऋतु गीतों को सोदाहरण समझाइए।
5. लोक साहित्य के संकलन एवं संरक्षण की समस्याओं को उद्घाटित कीजिए।
6. लोक नाट्य क्या हैं ? कुमाउनी लोक नाट्यों पर प्रकाश डालिए।
7. लोककथा की परम्परा एवं विकास को समझाइए।

8. गढ़वाली संस्कार गीतों का उदाहरण सहित परिचय दीजिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. श्रावण माह के प्रथम दिन मनाए जाने वाले त्यौहार का नाम लिखिए।
2. 'जन्योपुण्यु' किस हिन्दी त्यौहार को कहा जाता है ?
3. कृष्णानंद जोशी रचित कुमाउनी विधाओं की संकलन सम्बन्धी रचना का नाम लिखिए।
4. गढ़वाली किस लिपि में लिखी जाती है ?
5. 'रम्वाण' का आयोजन मुख्यतः गढ़वाल की किस पट्टी में होता है ?
6. उत्तराखण्ड में नववर्ष की शुरुआत कब से मानी जाती है ?
7. उत्तराखण्ड के किसी एक प्रसिद्ध लोक देवता का नाम लिखिए।
8. 'कुमाउनी' शब्द किस प्रत्यय के संयोग से बना है ?
9. डॉ. गोविन्द चातक का जन्म स्थान लिखिए।
10. 'कुमाउँनी-हिन्दी व्युत्पत्तिकोश' के रचनाकार का नाम लिखिए।